वर्ष-01, अंक-136
छपरा
गुरूवार 14 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# नीतीश कैबिनेट का आज होगा विस्तार

## एनडीए सरकार के गठन के 45 दिन बाद एक्सटेंशन, बीजेपी-जदयू के इन चेहरों को मिल सकता है मौका



**पटना,एजेन्सी।** बिहार में एनडीए सरकार का कैबिनेट विस्तार गुरुवार को होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत और एनडीए कोटे से विधान परिषद के विजयी प्रत्याशी पहले 3 बजे सर्टिफिकेट लेंगे। इसके बाद कैबिनेट एक्सटेंशन होगा। सूत्रों की माने तो जेडीयू कोटे के सारे मंत्री रिपीट होंगे। सिर्फ संजय झा की जगह महेश्वर हजारी मंत्री बनेंगे।

बताया जा रहा है कि बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का मामला सुलझने के बाद यह एक्सटेंशन किया जा रहा है। दिल्ली में आज चिराग पासवान को पांच सीट देकर एनडीए में सीट बंटवारे का मामला फाइनल कर दिया गया। उसके साथ ही कैबिनेट विस्तार को लेकर भी बड़ा फैसला ले लिया गया है।

**जनवरी से लटका था एक्सटेंशन** :महागठबंधन से नाता तोड़ने क बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजेपी से हाथ मिलाया था। 28 जनवरी को बिहार में एनडीए सरकार का गठन हुआ था। नीतीश कुमार 9वीं बार बिहार के सीएम बने। तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ 8 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाए गए थे।

### 3 फरवरी को हुआ था मंत्रिमंडल का विस्तार

बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद 3 फरवरी को मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पास कुल 5 मंत्रालय रखा। वहीं, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को 9-9 विभाग दिया गया। विजय कुमार चौधरी को 6 विभाग, बिजेन्द्र प्रसाद यादव और डॉ. प्रेम कुमार को 5-5 विभाग, श्रवण कुमार को 3 विभाग, संतोष कुमार सुमन को 2 विभाग और सुमित कुमार सिंह को एक विभाग विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा दिया गया था।

### डेढ़ महीने बाद एक्सटेंशन

45 दिन बाद एक बार फिर से 14 मार्च की शाम 5 बजे नीतीश कैबिनेट का विस्तार होने जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी से सांसद प्रिंस राज को भी बिहार में मंत्री बनाया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला तैयार किया गया है, उसके अनुसार यह तय किया गया है कि प्रिंस राज को बिहार में मंत्री पद दिया जाएगा।

हालांकि, इस बात की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हो पाई है। अब सभी की नजर 14 मार्च को होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकी हुई है। गुरुवार को यह क्लियर हो जाएगा कि किस-किस को मंत्री पद मिलता है।

### इन्हें मिल सकता है मंत्री पद

मिली जानकारी के मुताबिक नितिन नवीन, मंगल पांडेय, लेसी सिंह, अशोक चौधरी को मंत्री बनाया जा सकता है। सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि कुछ नए चेहरे सामने आएंगे। खासकर नए एमएलसी को भी मंत्री पद मिल सकता है। ओबीसी और ईबीसी वर्ग साधने के लिए नए चेहरे सामने आनी की उम्मीद है।

# भागलपुर में 2 भाई समेत 4 बच्चों की डूबकर मौत

## नदी में पहले तीन ने लगाई छलांग, तीनों को डूबता देख चौथा भी पानी में कूदा



**भागलपुर,एजेन्सी।** भागलपुर में नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई हैं। वहीं एक दोस्त है, जबकि चौथा दोनों सगे भाई का मामा है, लेकिन उम्र में छोटा है। सभी दीननगर नदी में नहाने गए थें। पहले तीन बच्चों ने एक साथ नदी में छलांग लगाई। गहराई की वजह से तीनों डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए चौथे ने भी छलांग लगा दी, पर वो तीनों को नहीं बचा सका, उल्टा खुद भी डूबने लगा। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी की है।

**एक ने पानी के बाहर आने के बाद दम तोड़ा** :घटना के बाद लोगों ने बच्चों को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन तब तक तीन की मौत हो गई थी। चौथे बच्चे को नदी से जिंदा निकाला गया, लेकिन पानी से बाहर आते ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को अपने कब्जे में ले लिया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान दिननगर निवासी मोहम्मद शाहनवाज (12), इसका भाई मोहम्मद अरबाज (8), इन दोनों का मामा मोहम्मद ढिल्लों (8) के रूप में हुई है। इसके अलावा शाहनवाज का दोस्त 14 वर्षीय मोहम्मद सैफ है।

जगदीशपुर थाना अध्यक्ष गणेश कुमार ने कहा कि नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। एक बच्चे के परिजनों का कहना है कि हम पोस्टमॉर्टम नहीं करवाएंगे। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में 5 बारातियों की मौत

## शादी से लौटने के दौरान बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर; 3 लोगों की हालत गंभीर



**मुजफ्फरपुर,एजेन्सी।** मुजफ्फरपुर में बुधवार को सड़क हादसे में 5 बारातियों की मौत हो गई। 3 से ज्यादा लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि आज सुबह बारातियों से भरी बोलेरो चकिया से वल्गर लौट रही थी। इसी दौरान रामपुर हरि के पास अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी।

2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही, 3 लोगों की मौत इलाज के दौरान ले जाते वक्त हुई। तीन घायलों को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा रामपुर हरि गांव के पास हुआ।

गाड़ी में मौजूद एक घायल के परिजन ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे हादसा हुआ। गाड़ी में 12 लोग बैठे थे।

हादसे की सूचना मिलने के बाद रामपुर हरि थाने की पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने घायलों के इलाज के लिए SKMCH भेजा है। मृतकों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मृतक की पहचान सोहन महतो (50), विपिन महतो (54) प्रद्युमन ढागर (28), इंद्र कुमार ढागर (40) और कारी ढांगर (40) के रूप में की गई है।घटना के बारे में बताया जा रहा है, बारात बैलगढ़ से चकिया गई थी जो आज सुबह वापस लौट रही थी। इस बीच रामपुर हरि के पास ट्रक और बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।?

इस मामले में SKMCH OP प्रभारी ललन कुमार ने बताया कि फिलहाल 5 लोगों का शव पोस्टमार्टम हाउस में पहुंची है। पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। घायलों का इलाज चल रहा है।

# लड़कियों की सप्लाई..अवैध संबंध में हुई थी युवक की हत्या

## नालंदा में 6 महीने से चल रही थी मर्डर की प्लानिंग, 5 आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा,एजेन्सी।** नालंदा में 3 मार्च को एक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए नालंदा पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी युवक के रिश्तेदार और दोस्त शामिल हैं।

बुधवार को सदर डीएसपी नरुल हक ने बताया कि 3 मार्च को अभिनव (35) नामक युवक का शव बरामद किया गया है। हालांकि, 2 मार्च को उसे हरनौत ब्लॉक के फील्ड में बुलाया गया था, जहां उसे शराब पिलाई गई। इसके बाद गमछा से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी गई। शव को एक गाड़ी में लादकर ठिकाना लगाया गया। मृतक का ब्लेड से प्राइवेट पार्ट भी काट दिया गया था।

**गिरफ्तार आरोपी रिश्तेदार और दोस्त** : पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मृतक के दूर के रिश्तेदार और दोस्त हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अभिनव चरित्रहीन था। कई महिलाओं से उसका अवैध संबंध था। इसके साथ ही लड़की सप्लाई करने के साथ साथ शराब के धंधे से भी जुड़ा था।

अभिनव झारखंड-नेपाल से लड़कियों को बुलाता था। उन्हें पटना आदि शहरों में कस्टमर के पास भेजता था।

**मोबाइल का लोकेशन दिखा था कोडरमा** :अभिनव की हत्या की प्लानिंग पिछले 6 महीने से चल रही थी, लेकिन पिछले 1 महीने से उसे मारने की पूरी प्लानिंग फाइनल कर ली गई। इसके लिए 2 फर्जी सिम लिए गए। जिससे सिर्फ अभिनव से बात की जाती थी। ताकि अन्य किसी को पता नहीं चल सके। हत्या के बाद एक फर्जी सिम, मोबाइल और अभिनव के मोबाइल को एनएच पर अलग-अलग बस और ट्रक में फेंक दिया गया। ताकि जांच उलझ कर रह जाए।

जांच में एक मोबाइल का लोकेशन झारखंड का कोडरमा दिख रहा था। पुलिस ने घटना में शामिल मोबाइल, गमछा, खून लगा अन्य कपड़ा, घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद किया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

अभिनव की हत्या में उसके रिश्तेदार और दोस्त भी शामिल है। साजिश करने वालों में हरनौत थाना क्षेत्र के सिरचंदपुर गांव निवासी मुन्नाराम का बेटा कुंदन कुमार, कल्याण थाना के महतवर गांव निवासी सहजानंद सिंह का बेटा संतोष कुमार उर्फ मोनू शामिल है। संतोष उर्फ मोनू अभिनव के गांव का रिश्तेदार है।

इसके अलावा सिरचनपुर गांव निवासी रामपति पासवान का बेटा राजवीर कुमार उर्फ दिवाकर, स्व. विजय मलिक का बेटा रंजन कुमार और राजा कुमार भी शामिल है।

### 26 फरवरी को हत्या के लिए झारखंड तक गए थे अपराधी

अभिनव की हत्या के लिए फंडिंग की गई। इसमें कई और लोगों की संलिप्तता सामने आई है। उसके गलत चरित्र के कारण बहुत सारे लोग उसकी हत्या की साजिश रच रहे थे।

पुलिस मानवीय, तकनीकी और सीसीटीवी की मदद से हत्यारों तक पहुंची। हत्या के पहले सर्जिकल आइटम खरीदा गया था। 2 मार्च से पहले 26 फरवरी को भी उसकी हत्या की साजिश रची गई। इसको लेकर लोग झारखंड तक गए थे। अभिनव ड्राइविंग का काम करता था और वह 26 फरवरी को नालंदा से झारखंड गाड़ी लेकर गया था। हालांकि, इसमें सफलता नहीं मिली थी।

# भाजपा कांग्रेस के नेताओं के भरोसे

## पप्पू यादव ने कहा- 56 ईंच के सीने की बात करते, क्षेत्रीय पार्टी को कोसते रहे और जोड़-तोड़ की राजनीत से सरकार बनाई

**पूर्णिया,एजेन्सी।** पूर्णिया में टिकटों के ऐलान से पहले जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने कहा महागठबंधन का मतलब पप्पू यादव है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर कई हमले किए। जाप सुप्रीमो ने कहा कि पीएम 56 ईंच के सीने की बात करते हैं। जबकि भाजपा कांग्रेस के नेताओं के भरोसे चल रही है।

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री बने रहने के लिए हर एक क्षेत्रीय पार्टी से गठजोड़ किया। पहले वो क्षेत्रीय पार्टी को कोसते रहे और बाद में मिलकर जोड़-तोड़ की राजनीत करके अपनी सरकार बना ली। आगे मौका मिला तो बीजेपी कांग्रेस से भी गठबंधन से नहीं चूकेगी।

**महागठबंधन मतलब पप्पू यादव है** : पूर्णिया के अर्जुन भवन में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पप्पू यादव ने महागठबंधन से चुनाव लड]ने की अटकलों पर कहा कि दिल से ये चाहत रखते हैं कि महागठबंधन से चुनाव लड़ें। पूर्णिया में महागठबंधन जीती कब थी।

यहां महागठबंधन मतलब कांग्रेस और महागठबंधन मतलब पप्पू यादव है। सीएए से डरने की जरूरत नहीं है। यह बीजेपी का चुनावी हथकंडा है। भाजपा चुनाव के पहले सीएए कानून लाकर वोट का पोलराइजेशन करना चाहती है और देश में ध्रुवीकरण कर हिंदू-मुस्लिम को लड़ाना चाहती है, लेकिन लोग उनकी इस चाल को समझ रहे हैं।

# मंत्री बोले- शराब से मरने पर मुआवजा मिलता है क्या ?

## बिहार में 42 मौतों को 15 महीने बीते, पीड़ितों को सरकारी मदद नहीं

**पटना,एजेन्सी।**'दो बेटे थे, वही कमाते-खिलाते थे। जहरीली शराब से एक की जान चली गई, दूसरे बेटे को दिखना बंद हो गया। मेरी आंख से भी नहीं दिखता, अकेले कितना करेंगे। पैसा नहीं है, इसलिए इलाज नहीं करवा पाए। बेटा चला गया, तो सब खत्म हो गया। हमारी कुछ मदद कीजिए। सरकार से तो मदद नहीं मिली।' बिहार के सारण जिले में रहने वालीं 80 साल की ज्योति जहरीली शराब से मिला दोहरा दंश झेल रही हैं। दिसंबर, 2022 में उनके दो बेटे बाहर से शराब पीकर आए थे। तबीयत बिगड़ी तो दोनों को हॉस्पिटल ले गए। रास्ते में एक की मौत हो गई और दूसरे की आंखों की रोशनी चली गई। परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लिखा है कि बेटे की मौत शराब से हुई है, लेकिन परिवार को मुआवजा नहीं मिला।



# एकमा में बरौनी-ग्वालियर व दाउदपुर में थावे-टाटा नगर एक्सप्रेस का आज से होगा ठहराव

- एकमा व दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर सांसद सिग्रीवाल दोनों डाउन एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी
- एकमा व दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित समय सारणी का शिड्यूल रेलवे प्रशासन के किया जारी
- दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित संपर्क मार्गो का उद्घाटन भी करेंगे सांसद

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** रेलवे प्रशासन के द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के एकमा रेलवे स्टेशन पर 14 मार्च से गाड़ी संख्या 11123/11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस व दाउदपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18181/18182 थावे-टाटा नगर एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होगा। इसकी स्वीकृति प्रदान होने के बाद इससे संबंधित पत्र, कार्यक्रम की तिथि व ट्रेनों के इन स्टेशनों पर आगमन व प्रस्थान से संबंधित समय सारणी का शिड्यूल भी रेलवे प्रशासन के द्वारा जारी कर दिया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार व पब्लिसिटी इंस्पेक्टर संतोष कुमार, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद सिग्रीवाल, अविनाश चंद्र उपाध्याय व विभूति नारायण तिवारी ने बताया है कि उक्त दोनों एक्सप्रेस गाड़ियों का क्रमशः एकमा व दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर आगमन व प्रस्थान से संबंधित समय सारणी भी जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार एकमा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का आगमन सुबह 05.38 बजे व प्रस्थान 05.40 बजे होगा। वहीं गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एकमा स्टेशन पर रात्रि 01.04 बजे पहुंचेगी व दो मिनट के ठहराव के बाद 01.06 बजे प्रस्थान करेगी।इसी क्रम में गाड़ी संख्या 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस का 14 मार्च से दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन अपराह्न 15.50 बजे व प्रस्थान 15.52 बजे होगा। वहीं गाड़ी संख्या 18182 थावे-टाटा नगर एक्सप्रेस का दाउदपुर स्टेशन पर आगमन पूर्वाह्न 11.40 बजे व प्रस्थान 11.42 बजे होगा ?आगामी 14 मार्च की सुबह में एकमा व दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में वाराणसी रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रिवाल दोनों डाउन साइड की एक्सप्रेस गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी क्रम में दाउदपुर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित संपर्क मार्गो का उद्घाटन भी 14 मार्च को सांसद श्री सिग्रीवाल के द्वारा किया जाएगा। इसको लेकर एकमा व दाउदपुर रेलवे स्टेशनों पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उधर एकमा स्टेशन पर बरौनी-ग्वालियर व दाउदपुर में थावे-टाटा नगर एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव की स्वीकृति महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की पहल पर केन्द्रीय रेल मंत्री व रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के द्वारा प्रदान किए जाने पर क्षेत्रीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा आम नागरिकों, दैनिक रेल यात्रियों, व्यवसायियों व छात्र-युवाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद, प्रधानमंत्री, केंद्रीय रेल मंत्री रेलवे बोर्ड व वाराणसी मंडल के वरीय रेल अधिकारियों को बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाजपा नेता ई जयप्रकाश सिंह, चैतेन्द्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अविनाश चन्द्र उपाध्याय, विभूति नारायण तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह पप्पू, गौरव सिंह किशन, सूर्य नंदन शाही, जितेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह,, जितेन्द्र कुमार मिश्र, शैलेन्द्र कुमार सिंह, माकपा नेता अरूण कुमार, समाजसेवी संदीप पांडेय, शिक्षाविद प्रो. अजीत कुमार सिंह, डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव, समाजवादी नेता रामलाल यादव, डॉ. जेपी सिंह, जेपी सेनानी अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ रामजी तिवारी, डॉ जलील अहमद, रामनारायण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बलवंत सिंह, राजद नेता जितेन्द्र सिंह, सुधांशु रंजन, मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश पांडेय आदि अन्य शामिल हैं।

# पद्मश्री से सम्मानित कपिलदेव प्रसाद के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि पद्मश्री कपिलदेव प्रसाद जी को वर्ष 2023 में बावन बूटी कला के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। बावन बूटी मुलतः एक तरह की बुनकर कला है। वे नालन्दा जिले के बसवन बीघा गांव के निवासी थे। उनके निधन से बावन बूटी कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# मिशन परिवार विकास सेवा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी हुए सम्मानित

## सदर अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**दैनिक खोज खबर,छपरा (सारण)।** परिवार नियोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों में उदासीनता देखी जाती है। लेकिन अब इसको दूर करने की आवश्यकता है। ताकि लाभुकों को इसका लाभ दिलाया जा सके। साथ ही सभी प्रकार की सेवाओं की सटीक और नियत समय पर रिपोर्टिंग की जाए। जिससे परिवार नियोजन के सभी इंडिकेटर्स की सही रिपोर्टिंग राज्य मुख्यालय को किया जा सके। उक्त बातें सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित पुरस्कार सह सम्मानित समारोह के दौरान कही। जिले में विगत दिनों जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से मिशन परिवार विकास सेवा अभियान संचालित किया गया था। उक्त पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जीएनएम स्कूल के सभागार में प्रशिक्षण शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा सहित कई अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जिला सामुदायिक उत्प्रेरक ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में परिवार कल्याण सेवाओं में सराहनीय करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों के अलावा स्वास्थ्य संस्थानों को भी जिलाधिकारी के दिशा निर्देश में सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। जिनमें महिला बंध्याकरण में मकेर, पुरुष नसबंदी में एकमा, पीपीएस में सदर अस्पताल छपरा, पीपीआईयूसीडी के लिए मकेर व अंतरा के लिए बनियापुर पीएचसी/सीएचसी को पुरस्कृत किया गया। वहीं परसा सीएचसी के एमओआईसी डॉ सुमन कुमार, डॉ स्मृति सिंह, बनियापुर की डॉ सरिता सिन्हा, गड़खा की डॉ मेहा कुमारी व दरियापुर की डॉ काजल कुंवर को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही बनियापुर की एएनएम शारदा कुमारी, रिविलगंज की सुधा कुमारी व सुषमा कुमारी, मकेर की कुमारी कामनी, सदर अस्पताल की प्रतिभा यादव, पानापुर की आशा प्रतिभा देवी, सदर प्रखंड की आशा रिंकी देवी, इसुआपुर की आशा आरती देवी, मकेर की आशा संजू कुमारी, एकमा की आशा फैसिलिटेटर सिंधु देवी, सोनपुर के परिवार नियोजन परामर्शी नितेश कुमार व मकेर की सीएचओ बंदना कुमारी को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 14 अन्य कर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर मढ़ौरा एसडीएम ने कोषांग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ की बैठक




**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा(सारण)।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एसडीएम डा. प्रेरणा सिंह ने सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ अनुमंडल सभागार में बैठक की। इस दौरान एसडीएम ने कर्तव्यनिष्ठा के लिए कड़े निर्देश दिए। एसडीओ ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी कार्यों में चूक अमान्य होगी। किसी स्तर पर कार्य में लापरवाही होने पर सीधे तौर पर कार्रवाई की जाएगी । एसडीएम ने लोकसभा चुनाव के सफल संचालन के लिए कुल नौ कोषांग का गठन कर अलग अलग अधिकारी को कोषांग का नोडल अधिकारी प्रतिनियुक्त किया है। कहा कि सभी कोषांग का जिम्मेदारी व ईमानदारी पुर्वक कार्यो को पूरा करके ही निर्वाचन के कार्य में सफलता पूर्वक पूरा किया जा सकता है। बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी अधिकारियों के चुनावी कार्यो की समीक्षा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर तरैयां, अमनौर व मढ़ौरा विधानसभा के सभी नौ कोषांग के नोडल पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक किया गया है। इस दौरान निर्वाचन संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है ?। वहि बैठक के दौरान अनुपस्थित रहे अधिकारी व कर्मी से स्पष्टीकरण की बात कही है। बैठक में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मो गुलाम हुसैन, मढ़ौरा कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश मोर्या, बीपीआरो प्रजक्ता साइमन, सीओ अंबपालिका यादव, सीडीपीओ पिंकी कुमारी, राजस्व कर्मचारी राजीव कुमार, शिक्षक प्रमोद सिंह सहित अन्य नोडल पदाधिकारी व कर्मी मौजुद रहे।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ के साथ विभागीय अधिकारियों ने की समीक्षात्मक बैठक

**दैनिक खोज खबर, छपरा (सारण)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्धेश्य से स्वास्थ्य संस्थानों में हर तरह की सुख सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। क्योंकि सामुदायिक स्तर पर बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत (सीएचओ) सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की होती है। उक्त बातें सारण जिले के सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही।जिले के सभी पर कार्यरत



सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के साथ विभागीय अधिकारियों द्वारा सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, एनसीडीओ डॉ भूपेंद्र कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, जपाइगो की क्षेत्रीय समन्वयक बनानी मिश्रा, पीएसआई के कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रबंधक मुरलीधर शुक्ला और वरीय परिवार नियोजन समन्वयक राजीव कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से डेटा ऑपरेटर सुमन कुमार, सदर अस्पताल छपरा और अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर के उपाधीक्षक, जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# रामनवमी शोभायात्रा को लेकर ध्वजारोहण किया गया



**दैनिक खोज खबर, मकेर (सारण)।** आगामी 17 अप्रैल को होने वाले रामनवमी जुलूस यात्रा का आगाज हेतु ध्वजारोहण किया गया जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।मालूम हो कि मकेर मे रामनवमी को जुलूस निकालने को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं ।इसी को लेकर मकेश्वर बाबा मंदिर के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया साथ ही प्रखण्ड से आए लोगो ने मंदिर में पूजा अर्चना कर जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया एवम रामनवमी के दिन हाथी घोड़ा उठ के साथ आने की बात कही गयी ।पूजा समिति के सदस्य सुनील राय ,सुरेंद्र सोनी मैनेजर साह ने बताया कि जुलूस की रूप रेखा तैयार किया गया साथ ही आमलोगों की सहूलियत के लिए हर प्रयास किया जाएगा , बैठक में मुखिया पति बड़ाई राय शैलेश शर्मा संजीत राय अजय राय सुदीश सिंह अजय सोनी अतुल श्रीवास्तव संतोष साह डॉ सचिन्द्र साह मकेर के पत्रकार मनोज मिश्रा संजीव शर्मा , जयशंकर प्रसाद पपु मिश्रा पंकज कुमार दीपक कुमार शैलेन्द्र शर्मा उपस्थित थे।

# घरेलु विवाद की वजह से चाचा ने किया भतीजा को चाकू मारकर हत्या

**दैनिक खोज खबर, दरियापुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दरवेशा गांव में घरेलू विवाद की वजह से चाचा ने अपने 17 वर्षीय नाबालिग भतीजा को चाकू मारकर हत्या कर दी, साथ ही इसके मां को भी चाकू से जख्मी कर दिया गया। जिनका इलाज सदर अस्पताल हाजीपुर में चल रहा है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार दरवेशा गांव निवासी मो समीर तथा इनकी मां तमन्ना खातून पर अपने ही चाचा शहनवाज आलम घर के ही कुछ बात लेकर उलझ गये और देखते ही देखते शाहनवाज आलम अपने आपा खोते हुए दनादन चाकू चला लेने लगे जिससे भतीजा खुद और अम्मी की जान बचाने में काफी मशक्कत की। लेकिन खुद समीर चाकू के जख्म से काफी लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गया ।तब स्थानीय लोगों ने दोनो जख्मी को सदर अस्पताल हाजीपुर लेकर गये ।जहां चिकित्सक ने दोनों को देखने के क्रम में समीर को मृत घोषित कर दिया गया, तब पोस्टमार्टम की करवाई की गई। वही तमन्ना खातून का इलाज चल रहा है। वही दरियापुर थाना की पुलिस ने जख्मी तमन्ना खातून से बयान दर्ज करके आरोपी चाचा को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है जो फिलहाल घर छोड़ फरार है।

# सिंचाई हेतु खेत में पाईप बिछाने के विवाद को लेकर लाठी-डंडे व ईंट से पीट कर पड़ोसियों ने की वृद्ध की हत्या

## आठ लोगों के विरुद्ध अवतार नगर थाने में मृतक के पुत्र ने दर्ज कराई हत्या की प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर, डोरीगंज (छपरा)** खेत में लगे फसल की सिंचाई के लिए महज पड़ोसी के खेत से पानी का पाईप लेकर जाना एक वृद्ध किसान के लिए मौत का कारण बन गया जिसकी लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली यह शर्मनाक घटना अवतार नगर थानाक्षेत्र के झौवा टोला गांव की है।मृतक अवतार नगर थाना क्षेत्र के झौवा टोला निवासी 78 वर्षीय शोभन राय बताया जाता है ।इस संबंध में मृत वृद्ध किसान के पुत्र गब्बर राय ने पड़ोसी झौवा टोला निवासी बसावन राय के दो पुत्र राजन राय और भोला राय समेत कुल आठ लोगों को आरोपित कर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें मृतक के पुत्र ने बताया है कि खेत में लगी फसल की सिंचाई के लिए पड़ोसी के खेत से पाईप ले जाने के कारण आरोपियों ने उसके पिता की लाठी डंडे व ईंट से पीटकर हत्या कर दी ।



जिसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची अवतार नगर पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।इस संबंध में अवतार नगर थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि मृतक के पुत्र के आवेदन पर घटना की प्राथमिकी दर्ज हत्यारोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दी गई है वहीं इस घटना के बाद से आरोपित घर छोड़ फरार है।

# पटना में 2 सिलेंडर ब्लास्ट, 12 लोग घायल

**पटना ।** पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में शादी के बाद मंगलवार की देर रात खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस घटना में महिला, पुरुष, बच्चे सहित 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फतुहा थाना प्रभारी ने बताया कि सुल्तानपुर गांव में गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की सूचना मिली थी। कई लोग घायल हो हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि 7 मार्च को सुल्तानपुर गांव में एक घर में शादी हुई थी। शादी खत्म होने के बाद मंगलवार की शाम चौठारी पूजा को लेकर खाना बनाने का काम चल रहा था। खाना बनाने में परिवार के कई लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे थे।

# श्रद्धालुओं की भरी पिकअप वैन के दुर्गावती जलाशय में गिरने से चार महिलाओं की मृत्यु

## मुख्यमंत्री ने पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रोहतास जिला के गुप्ताधाम में दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वैन के दुर्गावती जलाशय में गिरने से चार महिलाओं की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## मशरक के विशेश्वर नाथ मंदिर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू



**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पश्चिम टोला गांव में विशेश्वर नाथ मंदिर के परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ की गयी। मंदिर परिसर से आचार्य रामजन्म त्रिपाठी, नरेन्द्र ओझा ने वैदिक मंत्रोच्चार से यजमान आकाशवाणी पटना से सेवानिवृत्त इंजिनियर नरेंद्र कुमार सिंह और धर्मपत्नी वीणा सिंह की मौजूदगी में कलश को पीला वस्त्र धारण किए कन्याओं और महिलाओं को कलश सौंपा। भव्य कलशयात्रा मंदिर परिसर से बैंड बाजा के साथ गांव का भ्रमण कर घोघाड़ी नदी घाट पर पहुंची जहां मंत्रोच्चार से जलबोझी कराई गई। कलशयात्रा पुनः यज्ञ मंडप पहुंची और विधिवत पूजा अर्चना के बाद दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की शुभारंभ हुई। मौके पर आलोक सिंह,अतुल सिंह, श्याम बिहारी सिंह, कुंदन सिंह, चंदन सिंह,सुदीश सिंह,विरेश सिंह, बब्लू सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

## बाइक सवार पर नीलगाय कूदी, घायल सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा में बाइक सवार पर नीलगाय कूद पड़ी जिसमें बाइक सवार दो शख्स को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। घायल पानापुर थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी मुसाफिर राय का 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार और स्व शोभी राम का 55 वर्षीय पुत्र कृष्णदेव राम हैं। घायल सोनपुर में पंचायत सेवक के रूप में कार्यरत हैं वहीं पर ड्यूटी पर जाने के लिए बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते सोनपुर जा रहें थे कि बंगरा में बाइक पर नीलगाय कूद पड़ी और दोनों घायल हो गए।

## मशरक में चूल्हे से निकली चिंगारी से करकटनुमा मकान में लगीं भीषण आग

**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बहादुरपुर तिवारी टोला गांव में चूल्हे से उड़ी चिंगारी से करकटनुमा मकान में भीषण आग लग गई। पछुआ हवा की वजह से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते 45 हजार नगदी समेत खाने का अनाज, आलू, साइकिल और फेरी के लिए रखें गये कपड़े जलकर राख हो गए। अग्निकांड पीड़ित बहादुरपुर तिवारी टोला गांव निवासी संजय तिवारी पिता स्व दारोगा तिवारी है। घटना के बारे में बताया गया कि खाना बनाने के बाद चूल्हे से उड़ी चिंगारी से आग लग गई जब तक आग पर काबू पाया जाता आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अग्निकांड पीड़ित फेरी लगाकर कपड़ा बेचता है जो सभी कपड़े जलकर राख हो गया वहीं बिक्री का रखा 45 हजार नगदी भी जल गयी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन में पांच सम्मानित, बीडीओ ने सौंपा प्रमाण पत्र



**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ मो आसिफ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ससमय कार्य का निष्पादन करने वाले 5 को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सीओ सुमंत कुमार, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू समेत अन्य मौजूद रहें। बीडीओ मो आसिफ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदान केंद्र पदाधिकारी के रूप में शिक्षक अरुण कुमार पाठक, संतोष कुमार सिंह, कार्यपालक सहायक अभिषेक कुमार सोनी, संजय कुमार सिंह सांख्यिकी अधिकारी और कार्यपालक सहायक संदीप कुमार ने उत्कृष्ट योगदान दिया है। जिन्हें जिलाधिकारी सारण के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। सभी को प्रखंड कार्यालय परिसर में सारण डीएम के द्वारा दिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

## सोनपुर में नये डीसीएलआर ने की पदभार ग्रहण

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** सोनपुर अनुमंडल कार्यालय में भूमि सुधार उप समाहर्ता के पद पर रशिम कुमारी ने अपना पदभार ग्रहण की । इसके पूर्व निवर्तमान डीसीएलआर कुमारी सुनंदा ने नए डीसीएलआर को अपना कार्यभार सौंपा ।नये डीसीएलआर ने पदभार संभालने के बाद मंगलवार को बाबा हरिहरनाथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की ।उन्होंने बुधवार को कार्यालय पहुँच कर अपने कार्यालय के कर्मचारियों को बुलाकर परिचय की । इस दौरान डीसीएलआर ने सभी कर्मियों को सलाह दी कि कार्यो की निष्पादन समयनुसार हो । बतादे कि सोनपुर के 13 वां नये डीसीएलआर रेशम कुमारी बनी है । रशिम कुमारी जो वरीय उपसमाहर्ता वैशाली के पद पर थी जहां इनका स्थानांतरण सरकार ने सोनपुर भूमि उपसमाहर्ता के पद पर स्थानांतरण किया था।

## 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू, पहले दिन भौतिकी और राजनीति विज्ञान के प्रश्न में उलझे विद्यार्थी

### पहले दिन 20 प्रतिशत बच्चे अनुपस्थित

**दैनिक खोज खबर, मशरक (सारण)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित कक्षा 11 की वार्षिक परीक्षा बुधवार से प्लस टू स्कूल एवम इंटर कॉलेज में शुरू हुआ। समिति द्वारा भेजे गए ओ एम आर सीट एवम प्रश्न पत्र पर छात्रों ने परीक्षा दिया। प्रथम पाली में विज्ञान संकाय के भौतिकी जबकि द्वितीय पाली में राजनीति विज्ञान के घुमावदार प्रश्न में छात्र उलझे। सबसे अधिक परेशान वैसे छात्र छात्रा दिखे जिन्होंने विभाग के सख्ती के बावजूद भी 11 वी कक्षा में नियमित पठन पाठन शिक्षको के अभाव में नही किया था। वैसे मशरक के डेढ़ दर्जन प्लस टू स्कूल कॉलेज में आयोजित इस परीक्षा के पहले दिन लगभग 20 प्रतिशत छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। कई स्कूल में एक बेंच पर चार चार परीक्षार्थी परीक्षा देते दिखे। इधर विभाग के निर्देश पर परीक्षा में छात्र छात्राओं की उपस्थिति का भौतिक निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डा वीणा कुमारी ने किया। परीक्षा को लेकर विभागीय दिशा निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन करने का दिशा निर्देश विद्यालय प्रधान को दिया। साथ ही परीक्षा के दौरान कक्षा नवम की पढ़ाई नियमित जारी रखने को कहा। कई परीक्षा केंद्र पर विद्यालय प्रशासन स्कूल ड्रेस में नही आने वाले, मोबाइल एवं इलेक्ट्रोनिक वाच पहनकर आने वाले छात्र छात्राओं पर सख्ती की।

## पहलेजा घाट पुलिस ने 2 युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** पहलेजा घाट पुलिस ने एक शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया वही पुराने शराब के मामले में एक कारोबारी को गिरफ्तार कर कुल 2 लोगो को जेल भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी चकदरिया के बुलबुल महतों के पुत्र मुन्ना कुमार है । यह शराब के नशे में था जहां उसे गिरफ्तार कर उसे दूसरी बार जेल बुधवार को भेज दिया गया है वही शराब के पुराने केस में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार शराब कारोबारी खारिका के दिलीप चौधरी के पुत्र गंगासागर चौधरी है। पकड़े गए दोनों को छपरा जेल भेज दिया गया है।

### सोनपुर नगर पंचायत का बजट हुआ पेश

# 43.60 करोड रुपए की लागत से नगर का होगा चौमुखी विकास, 77.70 करोड़ का हुआ बजट पेश

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** नगर पंचायत भवन सोनपुर के सभागार में विभिन्न लाभकारी योजनाओं को लेकर बजट के लेकर नगर अध्यक्ष अजय साह के अध्यक्षता में बैठक हुई । इस बैठक में नगर कार्यपालक पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षद उपस्थित रहे । जहां म्युनिसिपल फाइनेंस एक्सपोर्ट अमित वासक ने बजट प्रस्तुत करते हुए नगर पंचायत के विकास , सौन्दर्यकरण के अलावा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने ,जल जीवन हरियाली के संदर्भ में बजट के मुख्य प्रवधानों की चर्चा करते हुए बताया कि इस बजट में कुल 14 विकासात्मक कार्य के योजनाओं के लिए बजट पेश किया गया है। जिसमे कुल 77 करोड़ 70 लाख 47 हजार 215 रू0 है। नगर क्षेत्र के विकास के लिए कल 43.60 करोड रुपए की लागत से विकास किया जाएगा। इस बजट में अनुमानित व्यय 69 करोड़



52 लाख का बजट मंगलवार को पेश किया गया है।इस बजट में 8 करोड रुपए से अधिक का लाभ का बजट है। म्युनिसिपल फाइनेंस एक्सपोर्ट अमित बासक ने यह भी बताया कि सामुदायिक भवन के लिए 2 करोड़ ओल्ड एज होम के लिए एक करोड़ ,शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास एक करोड़, वॉटर जॉन के लिए एक करोड़, कचरा डंपिंग के लिए 4 करोड रुपए की नई भूमि क्रय मार्केट कांप्लेक्स के लिए एक करोड़, पुस्तकालय निर्माण के लिए 50 लाख, पार्किंग विकास के लिए 50 लाख लगभग 11.75 करोड़ की लागत से शहर के सभी वार्डों में पक्की करण,नाली निर्माण, नल का निर्माण किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टि से प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी लगाई जाएगी । इस पर 50 लख रुपए खर्च किए जाएंगे। जल जीवन हरियाली पर 3 करोड रुपए ,सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय हेतु तीन करोड़, घेराबंदी दीवार पर 75 लाख,शवदाहगृह निर्माण एक करोड़ ,वार्ड क्लिनिक 50 लाख, लाइट एवं हाई मास्क पर ?2 करोड़ रुपये खर्च होंगे। होल्डिंग टैक्स वसूली का लक्ष्य 50 लख रुपए रखी गई है इसके अलावा विभिन्न मदो से आंतरिक राजस्व बढ़ाने के साथ केंद्र और राज्य सरकार से 63 करोड़ 92 लाख रुपया अनुदान की रूप में प्राप्ति की बात कही गई है ।कर्मचारियों के वेतन और पेंशन बंद में 1.64 करोड़ ,कार्यालय खर्च 1.93 करोड़, कचरा सफाई समेत अन्य रखरखाव पर 10.48 को रुपए खर्च होगी। इसके अतिरिक्त शव वाहन, एमबुलेन्स आदि का भी प्रावधान किया गया है ।इस बैठक में उपस्थित नगर कार्यपालक पदाधिकारी रणजीत कुमार, उपाध्यक्षा- अंजली कुमारी, कनिय अभियंता- मनोरंजन कुमार , प्रधान सहायक- नितेश कुमार, एवं वार्ड पार्षद 16 उपस्थित थे। जो कि इस बजट को सर्वसम्मति से करतल ध्वनी से पारित किया।

## मॉकड्रिल कर दी गयी आग से बचाव की जानकारी



**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के स्कूल, जीविका दीदियों के बीच पहुँच कर मॉकड्रिल कर आग से बचाव की जानकारी दी गई। यह जनकारी पहलेजा घाट प्राथमिक विद्यालय ,शाहपुर दियारा एवं जीविका दीदी की समूह में पहुंचकर अग्निशमन विभाग के टीम मनीष कुमार शुक्ला, पिंटू कुमार ,चंदन कुमार ,विनय कुमार ने रसोई गैस में लगी आग से बचाव का मॉक ड्रिल कराकर कैसे आग बुझाई जाती हैं इसकी जनकारी बुधवार को दी । मौजूद शिक्षकगणों,विद्यार्थियों ,जीविका दीदियों के अलावा आम लोगों को इस बात की जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया कि रसोई गैस में आग लग जाने पर किस तरह से बुझाना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में विशेष दिलचस्पी देखी गई। अग्निक मनीष कुमार शुक्ला ने रसोई गैस सिलेंडर में न लगे आग को चादर के जरिए बुझा कर दिखाया और आग बुझाने का यह मॉक ड्रिल विद्यार्थियों, जीविका दीदियों के द्वारा भी कराई गई। मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि गर्मी शुरू हो रहा है और गर्मी के दिनों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि आग से बचाव की जानकारी रखें ताकि दुर्घटना होने पर स्वयं एवं परिवार को बचा सके। उन्होंने कहा कि एलपीजी से खाना बनाते समय आग लगने पर भींगे कपड़े बाल्टी या हाथ से भी आग को बुझाया जा सकता है। मौके पर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने निःशुल्क पंपलेट का वितरण किया ।

## नए सेतु निर्माण ऐजेंसी ने सरयू नदी की अविरल धारा प्रवाह को किया संकुचित

**दैनिक खोज खबर मांझी (सारण)।** माँझी के जय प्रभा सेतु के समानांतर बन रहे नए सेतु के निर्माण में तेजी लाने के उद्देश्य से निर्माण कम्पनी ने सरयु नदी के आधे हिस्से पर मिट्टी का बांध बनाकर नदी की अविरलता को संकुचित कर दिया है। यूपी की सीमा की ओर से नदी के मध्य भाग तक मिट्टी डालकर अस्थायी बांध बना दिये जाने की वजह से नदी के बचे हुए हिस्से में नदी की धारा अचानक दोगुनी हो गई है। नदी की धारा में अचानक हुई बढोत्तरी के कारण नदी की सतह में मिट्टी का जबरदस्त क्षरण हो रहा है। नदी के भीतर गहरे हो रहे पानी में स्नान के लिए आने वाले लोगों के डूबने का खतरा बढ़ गया है। जानकार लोगों का कहना है कि सरयु नदी की अविरल धारा की घेरा बंदी कर दिए जाने के कारण उसकी अविरलता तार तार होकर रह गई है। उधर जानकार लोगों का कहना है कि नदी की घेराबंदी कर दिए जाने से नदी में मौजूद जलीय जन्तुओं के अस्तित्व पर संकट उतपन्न हो गया है। बांध के जरिये नदी में मौजूद जलीय जन्तुओं के निर्वाध विचरण पर पाबन्दी लगा दिए जाने से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। बताते चलें कि सेतु के निर्माण की शीघ्रता एवम आपाधापी में इंजीनियरों द्वारा सीमेंट की पाईप के सहारे धारा को प्रवाहित कराने की असफल कोशिश की जा रही है। सेतु निर्माण कम्पनी के इस अजीबोगरीब प्रयोग से आसपास के लोग अचंभित तथा आक्रोशित हैं।



## काट कर रखें सरसों के बोझा में शरारती तत्वों ने लगाई आग

**मांझी (सारण)।** मंगलवार की रात माँझी थाना क्षेत्र के चकिया गांव के समीप खेत में काट कर रखे गए 80 बोझा सरसों के ढेर में शरारती तत्वों ने आग लगा दिया जिससे सरसो का ढेर जलकर राख हो गया। बुधवार की सुबह खेत में पड़े राख को दिखाते हुए खेत मालिक मनु जी श्रीवास्तव ने बताया कि उनके घर शादी समारोह था सब लोग उसी में लगे हुए थे उनकी ब्यस्तता का फायदा उठाकर शरारती तत्वों ने आगलगी की घटना को अंजाम दिया। देर रात्रि को उनके सरसो के ढेर से निकल रही आग की लपटों को देखकर गाँव के लोगों ने शोर मचाया। मौके पर पहुँचने पर पता चला कि आग लगाने वाले शरारती तत्वों ने उनके चापाकल एवम बोरिंग को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। बाद में गाँव को लोग आग बुझाने हेतु अपने घर से पानी लेकर पहुँचे तबतक सारा बोझा जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि पिछले दोनों उनको परेशान करने के उद्देश्य से शरारती तत्वों ने उनके लहसुन की फसल को भी नष्ट कर दिया था।

## हरिहरनाथ कॉलोनी स्थित बाबा भूतनाथ शिव मंदिर प्रांगण में नंदी बैल की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर आदम के शुक्र बाजार हरिहरनाथ कॉलोनी स्थित बाबा भूतनाथ शिव मंदिर प्रांगण में भगवान भोलेनाथ के सवारी नंदी जी के प्राण प्रतिष्ठा किया गया । जिसमें बनारस से पधारे विद्वान आचार्यो के द्वारा विधि विधान के साथ भगवान शिव के सवारी नंदी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश शोभा यात्रा बुधवार को निकाली गई। शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से चल कर हरिहरनाथ के कालिघाट पर पहुँच जहां विधि विधान के साथ सभी श्रद्धालु भक्त नारायणी नदी से जल भरी कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा मे दर्जनों श्रद्धालु माताओं एवं बहनों ,भाई, बंधुओं ने भाग लिया। पंडित सनातनी आनंद शास्त्री जी एवं रणधीर तिवारी ने विधि विधान के साथ मंदिर प्रांगण में नंदी जी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कर



प्रतिमा स्थापित किया गया मुख्य यजमान अमन कुमार केसरी रहे । कलश शोभा यात्रा में मुख्य रूप से धर्माचार्य संपर्क प्रांत टोली सदस्य स्वामी परशुराम शरण जी महाराज , समाजसेवी लालबाबु पटेल,बृजेश कुमार पांडे, विवेक कुमार, उमेश सिंह ,रंजन सिंह ,कलावती देवी, शीला देवी, गुड़िया देवी, कंचन देवी, अनीता देवी ,रूबी देवी,ममता पटेल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर पूजा अर्चना में उपस्थित रहे।

## नव कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ में महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पहुंचे



**दैनिक खोज खबर, दाउदपुर(मांझी)।** प्रखंड के दाउदपुर पंचायत अंतर्गत संकटमोचन धाम गायत्री नगर दुमदुमा में चल रहे नव कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ में मंगलवार की रात महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पहुचे। सांसद ने यज्ञाचार्य एवं यजमान विजय सिंह के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और कहा कि यज्ञ का उद्देश्य मानव का कल्याण करना होता है। विश्व के कल्याण के लिए इस तरह का यज्ञ होते रहना चाहिए। इस तरह के धार्मिक अनुष्ठानों से समाज और मानवता को एक नई ऊर्जा मिलती है। इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से लोगों में मित्रता की भावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातवरण शुद्ध होता है और समाज में फैली गंदगी दूर होती है। महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख,शांति व समृद्धि के साथ पूरा समाज पवित्र हो जाता है। इसके बाद सांसद ने कथाप्रवाचिका को अंगवस्त्र से तथा कथावाचिका ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उक्त महायज्ञ बुधवार को हवन-पूजन के साथ सम्पन्न हो गया। का मौके पर अशोक सिंह, जय किशोर सिंह, दिलीप प्रसाद, हरीश तिवारी,राजन सिंघानिया,टुनटुन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दाउदपुर में थावे- टाटा नगर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव को मिली स्वीकृति

**दाउदपुर(मांझी)।** सज-धज कर तैयार दाउदपुर स्टेशन पर अब थावे- टाटा नगर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो जाएगा। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल गुरुवार को उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ हीं छपरा-सिवान मुख्य सड़क मार्ग से दाउदपुर स्टेशन के बीच नवनिर्मित संपर्क पथ का लोकार्पण करेंगे। उक्त ट्रेन के ठहराव से दाउदपुर व आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को यात्रा करने में सुविधा मिलेगी। यह जानकारी भाजपा के युवा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डू ने दी।

## मारपीट, आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को सबलपुर चहारम से सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने मारपीट ,आर्म्स एक्ट,शराब कारोबारी के मामले में एक आरोपी को सबलपुर चहारम से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार को बताया कि सबलपुर पश्चिम के चंद्रकेत राय पिता हीरा राय के घर के बच्चों के बीच खेल कूद के दौरान मारपीट हुई थी जिसके लेकर पंचायती दोनो पक्षो के बीच हुई थी । जहां पंचायती के दौरान रैन राय पिता स्वर्गीय गिरजा राय व उमेश्वर राय पिता स्वर्गीय गिरजा राय सहित 3 दर्जन से अधिक लोग पंचायत में पहुंचे थे जहां पंचायती मानने से इनकार करते हुए मारपीट, फायरिंग जैसी घटना का अंजाम दिया था । जिसमें शिवचंद्र राय, राजेश्वर राय, चंद्रकांत राय पिता हीरा राय घायल हो गया था ।जहां पीड़ित चन्द्रकेत राय ने 33 लोगों को नामजद थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई थी जिसमे घटना के संम्बन्ध में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें एक आरोपी सोनू कुमार पिता विजय राय को गिरफ्तार कर उसे बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

## वैदिक मंत्रोच्चारण से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठ के साथ अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ

**दैनिक खोज खबर, तरैया (सारण)।** प्रखंड के डुमरी शिव मंदिर में बुधवार को आचार्य मनपूजन त्रिवेदी एवं आचार्य सुकेश त्रिवेदी के वैदिक मंत्रोच्चारण से संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान, नन्दी महाराज, विष्णु भगवान एवं माता लक्ष्मी, सहित गौरी-गणेश की मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व अखण्ड अष्टयाम को भव्य कलश यात्रा एवं सभी देवी-देवताओं की मूर्ति को गांवों का परिक्रमा कराया गया उसके बाद देवी-देवताओं की मूर्ति को जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, अन्नाधिवास कर आचार्यो ने श्रद्धालुओं और संतो की मौजूदगी में मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच सभी देवी देवता की मूर्तियों को स्थापित किया। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान समूचा मंदिर प्रांगण जय श्रीराम, हर-हर महादेव की जयकारों से गूंज उठा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अखण्ड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। मौके पर साधु संतों, के साथ मुख्य यजमान हरेंद्र सिंह, बड़ी तादाद में आस-पास क्षेत्रों के श्रद्धालु मौजूद रहे। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह बिक्कू, अवधेश सिंह, राहुल सिंह, अनिल सिंह, सचिन तिवारी, सुरेश सिंह, शंभू सिंह, दीपक सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



# फरवरी महीने में हुए सीएसपी एवं लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा

- चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार सहित किया गिरफ्तार
- लूटे गए बैग, मोटरसाइकिल की चाबी,आई कार्ड एवं 44 पुड़िया स्मैक किया बरामद



**परवेज़ अख्तर/सिवान।** फरवरी महीने में जीबी नगर(तरवारा) एवं दरौंदा थाना क्षेत्र में दो सीएसपी एवं दो लूटकांड का एसटीएफ ने स्थानीय थाने की मदद से खुलासा करते हुए घटना को अंजाम देने वाले चार अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है. पुलिस ने लूटे गए बैग, मोटरसाइकिल की चाबी,आई कार्ड एवं 44 पुड़िया स्मैक किया बरामद किया है. पकड़े गए अपराधियों में सारण जिला के दाउदपुर थाने के सरयूपा निवासी पृथ्वी कुमार,सीवान एम एच नगर थाना क्षेत्र के भीखपुर भगवानपुर निवासी रितेश सिंह, महाराजगंज थाना क्षेत्र के पोखरा निवासी संदीप कुमार, गोपालगंज जिले के माझागढ़ थाना क्षेत्र के छितौली निवासी करण कुमार शामिल है. पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बताया कि पिछले महीने सीएसपी लूटकांड का जब अनुसंधान किया गया तो पता चला कि इस प्रकार की घटना को एक गिरोह विशेष द्वारा अंजाम दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जीबी नगर(तरवारा) थाना क्षेत्र के शाहगंज पंचमुहा पुल के समीप से अपराध कर्मियों को तीन बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया. उन्होंने बताया कि तलाशी के क्रम में उनके पास से चार देसी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस, लूट में उपयोग किया हुआ तीन बाइक, सात मोबाइल फोन, 44 स्मैक की पुड़िया,लूट गए बैग, मोटरसाइकिल की चाबी एवं आई कार्ड बरामद किया गया. एसपी ने बताया कि पृथ्वी कुमार एवं करन कुमार का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है. पृथ्वी कुमार के विरुद्ध सारण जिले के गरखा थाने में तथा करण कुमार के विरुद्ध तरैया थाने में लुट एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है. छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज जीबी नगर(तरवारा) थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ,दरौंदा थाना अध्यक्ष छोटन कुमार, एसटीएफ टीम एवं डीआईयू टीम शामिल थी. एसपी ने बताया कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी से इन क्षेत्रों में युद्ध की घटनाओं में कमी आएगी ।

### पुलिस ने इन घटनाओं का किया खुलासा

पुलिस ने जिन चार कांडों का खुलासा किया है ,उनमें सीएसपी लूट की 2 घटनाएं, सड़क लूट की एक और दुकान लूट की 1 घटना है.अपराधियों ने 10 दिनों में इन घटनाओं को अंजाम दिया था. जीबी नगर थाना क्षेत्र के सकरा बाजार पर पीएनबी के सीएसपी से 13 फ़रवरी को बाइक सवार 6 अपराधियों ने हथियार के बल पर 1 लाख लूट की घटना को अंजाम दिया था.दूसरी घटना जीबी नगर थाना के ही बजरहिया बाजार स्थित अरुण कुमार सिंह के दुकान पर 15 फरवरी को हुयी थी. यहां अपराधियों ने 40 हजार लूट की घटना को अंजाम दिया था. इसके बाद 22 फ़रवरी को कलेक्शन कर लौटते समय भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मी से बाइक सवार अपराधियों ने 50 हजार रुपये लूट लिया था.यह घटना जीबी नगर के भलुआडा बाजार पर हुई थी. इसके बाद दरौंदा थाना क्षेत्र के दरौंदा में महाराजगंज रोड स्थित रेलवे ढाला के नजदीक स्थित पीएनबी सीएसपी से हथियार के बल पर 2.5 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था.यह घटना 23 फ़रवरी की है ।

# यूपी के सीमावर्ती पेट्रोल पंप पर 12 रुपए और डीजल 6 रुपए सस्ता, 8 हजार लीटर की रोज तस्करी



- प्रखण्ड के तीन पेट्रोल पंप बिक्री के अभाव में हुए बंद
- करीब आठ हजार लीटर की रोज होती है तस्करी
- यूपी के पैट्रोल पंप पर थाना क्षेत्र के लोगों की लगी रहती है भीड़

**कन्हैया कुमार पटवा/गुठनी (सीवान)।** गुठनी प्रखण्ड के सटे यूपी के सीमावर्ती इलाकों से इन दिनों डीजल और पेट्रोल की तस्करी जमकर किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में डीजल और पेट्रोल के दामों में कमी होना है। वहां डीजल 6.9 पैसा रुपया और पेट्रोल 12 रुपया 55 पैसा सस्ता है। प्रखंड के गुठनी, सेलोर, बलुआ, खडौली, मैरीटार, डूमरहार, नेपुरा, धनौति, जतौर समेत दर्जनों गांव के लोग मेहरौना पेट्रोल पंप से डीजल और पेट्रोल ला रहे हैं। जिनमे तस्कर पिकअप, ऑटो समेत बड़ी गाड़ियों से रोज मेहरौना पुल के रास्ते यूपी से पेट्रोल और डीजल की तस्करी करते हैं। इन कालाबाजारी के चलते प्रखंड के पेट्रोल पंप संचालकों की हालत बदतर हो गई है। प्रखंड के दो पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद हो चुके हैं। प्रखंड में कुल 4 पेट्रोल पंपों में दो चल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बिहार में पेट्रोल पंप पर डीजल का रेट 95.66 पैसा और पेट्रोल का रेट 108.97 पैसा है। जबकि सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के पेट्रोल पंप का डीजल का रेट 89.59 पैसा और पेट्रोल पंप का रेट 96.42 पैसा है। इससे प्रखंड के दर्जनों गांव के लोगों को डीजल 6 रुपया 7 पैसा और पेट्रोल 12.55 पैसा सस्ता मिलता है।

**श्रीकरपुर के रास्ते होती है डीजल और पेट्रोल की तस्करी :** प्रखंड के अंतिम सीमा पर बना चेकपोस्ट भी तस्करो को रोकने में विफल साबित हो रहा है। थाना क्षेत्र के श्रीकरपुर के रास्ते तस्कर आसानी से डीजल और पेट्रोल को, बाइक, बोलेरो, मिनी ट्रक, पिकअप में लाद कर पार कर जाते हैं। वहां तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा उनकी कभी भी तलाशी और पूछताछ नही करने से उनके हौसले बुलंद हैं। इस संबंध मे प्रभारी थानाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने बताया कि पुलिस जब कन्फर्म हो जायेगी तो ऐसे लोगों पर कारवाई तो करेगी। पुलिस किसानो को जान कर इसे लोगों पर कोई कारवाई नही करती।

### प्रखंड के चार पेट्रोल पंप की हालत खराबः

प्रखण्ड के चार पेट्रोल पंप अपने बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण यूपी से लोगो का डीजल और पेट्रोल खरीदना शामिल हैं। इन पेट्रोल पंप संचालकों के सामने पंप पर काम करने वाले मजदीरोंके पगार को भी वहन करने की बाध्यता सामने आ रही है। जबकि चार में से दो पेट्रोल पंप पूरी तरह बंद हो चुके हैं। वही दो पेट्रोल पंप पर कम बिक्री होने से उनकी हालत काफी दैनीय हो गई है।

### क्या कहते है एरिया सेल्स मैनेजरः

इस संबंध में आईओसी के सीवान जिले के एरिया सेल्स मैनेजर मोहन महतो ने बताया की इसकी जानकारी हमें भी कई बार मिली है। हम इसके लिए उच्च अधिकारियों से बात करेंगे

# रसूलपुर में एफसीआई ने की किसानों के साथ बैठक

**दैनिक खोज खबर,रसूलपुर(सारण)।** स्थानीय चट्टी पर भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी रंजीत कुमार,जितेन्द्र राय व भुगतान पदाधिकारी संतोष कुमार ने क्षेत्र के किसानों के साथ बैठक की।कहा कि 2275 रूपये प्रति क्विंटल के दर से क्षेत्र के किसान छपरा सिवान एनएच पर रसूलपुर बजरंग धर्म कांटा विक्रय केन्द्र पर अपना गेहूं खरीद दो दिनों में भुगतान पा सकते हैं।इसके लिए समय पर बिक्री के पहले आनलाइन पंजीकरण कराना जरूरी है।बैठक में नवादा पैक्स आध्यक्ष दया देवी,पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज सिंह ,पूर्व मुखिया रवीन्द्र राय,पैक्स अध्यक्ष शशिशेखर राय, किसान अर्जुन सिंस,पूर्व मुखिया बागेश्वर सिंह,शशिभूषण सिंह ,उपेन्द्र उपाध्याय ,पूर्व उपप्रमुख राजेश्वर सिंह भरत दूबे, संतोष कुशवाहा , डबलू ,रवीश ,रधुनंदन यादव आदि उपस्थित थे।



## युवती संग मारपीट के मामले में प्राथमिकी

**बड़हरिया (सिवान)।** बुधवार को रांची की एक लड़की ने सदरपुर गांव के एक युवक सहित उसके परिवार वालों पर शादी से इन्कार और पूछताछ करने पर मारपीट करने आरोप लगाते हुए प्राथमिकी कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर सदरपुर पूरब टोला निवासी रोहित सिंह और उसके माता-पिता समेत आधा दर्जन लोगों पर नामजद प्राथमिकी कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता ने अपने आवेदन में कहा है कि अज्ञात नंबर से मुझे 10 मार्च को सूचना मिली कि रोहित सिंह की शादी किसी दूसरे जगह हो रही है, तब मैं अपनी मां के साथ,रांची से 11 मार्च की सुबह थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव निवासी रोहित सिंह के दरवाजे पर पहुंची, इसके बाद घर वालों ने शादी का झांसा देकर दिनभर बैठा कर रखा। अंधेरा होने पर जब मैंने रोहित से मिलने को की बात कही तो परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए मेरी मां और मेरी पिटाई कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मारपीट के क्रम में ही मेरा मोबाइल छीन कर तोड़ दिया और घर से भगा दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर रोहित सहित उसके परिवार में लगभग आधा दर्जन सदस्यों पर प्राथमिक कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सभी आरोपित घर छोड़कर फरार है।

## घर के बाहर खड़ी बोलेरो की चोरी

**हुसैनगंज(सिवान) ।** थाना क्षेत्र के टिकरी गांव से अज्ञात चोरों ने एक बोलेरो गाड़ी की चोरी कर ली। मामले में टिकरी गांवनिवासी शंभु प्रसाद यादव ने थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि 10 मार्च की रात्रि में मेरे दरवाजे पर खड़ी बोलेरो गाड़ी की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। गाड़ी मेरे रिश्तेदार सिधवल निवासी भरत कुमार यादव के नाम से है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 29 जे 3877 है। वहीं 26 फरवरी की रात गोपालपुर निवासी किरानी प्रसाद की भी बोलेरो गाड़ी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। विदित है कि 15 दिनों के अंदर थाना क्षेत्र से दो बोलेरो गाड़ी की चोरी हो गई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के हरदिया गांव में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्वजनों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल महिला की पहचान हरदिया गांव निवासी असगर अली की पत्नी तरमा खातून के रूप में हुई हैं। घटना के संबंध में पीडृतिा के पिता असगर मियां ने बताया कि उनकी बेटी ससुराल से मायके आई थी। उसके पति हमेशा शक के आधार पर मारपीट करता हैं। इसके पहले भी इस तरह की घटना घटित हुई है। जिसकी सूचना स्थानीय थाना में दिया गया था। इस मामले में भी आवेदन दिया गया हैं।

## प्रापर्टी डीलर को गोली मारने के मामले में एक गिरफ्तार, जेल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के कंधवारा रेलवे फाटक के समीप 11 मार्च की दोपहर बाइक सवार चार बदमाशों ने प्रापर्टी डीलर सह कपड़ा व्यवसायी मो. तौकीर आलम को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा दिया। वहीं घटना में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए शहर के कई जगहों पर छापेमारी भी की गई। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर सुदर्शन राम ने बताया कि घटना के बाद एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने रामनगर निवासी लड्डन मियां का पुत्र शाहिल उर्फ अफसर बेग को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया। वहीं टीम अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# अल्लाह ने इस मुबारक महीने को तीन अशरों में तक्सीम किया हैः हाफिज अब्दुल करीम निजामी

- इस्लाम के पांच स्तंभ तौहीद,नमाज़,रोज़ा,ज़कात और हज
- गुनाहों को खुदा से माफ कराने का महीना है रमज़ान

**दैनिक खोज खबर, सिवान।** पचरुखी प्रखंड के तरवारा पुरानी बाजार स्थित पुरानी जामा मस्जिद के हाफिज अब्दुल करीम निजामी ने रमज़ानुल मुबारक पर फजीलत बयान करते हुए कहा कि इस्लाम की बुनियाद पांच स?तंभों पर टिकी है।जिसमें तौहीद,नमाज़,रोज़ा,ज़कात और हज शामिल हैं।इस्लाम के इन 5 पिलर को अरकान-ए-इस?लाम और अरकान-ए-दीन भी कहा जाता है।इस्लाम धर्म के मुताबिक हर मुसलमान को तमाम उम्र इन 5 पिलर को अपनी जिंदगी का आधार मानकर चलना चाहिए।माना जाता है कि इस पूरे महीने की इबादत आपको अल्लाह के करीब लेकर जाती है।यह माहे रमजान जो पूरे साल किए गए गुनाहों को खुदा से माफ कराने का महीना है।रमज़ान में रोज़ा रखना,रोज़ेदार की कदर करना,रोज़ेदार का एहतिराम करना भी अल्लाह ने इबादत बताया है।हाफिज अब्दुल करीम निजामी ने बताया कि रमजान का पूरा महीना मोमिनों के लिए खुदा की तरफ से अजमत,रहमत और बरकतों से लबरेज है।लेकिन अल्लाह ने इस मुबारक महीने को तीन अशरों में तक्सीम किया है।इस तरह रमजान के पहले दस दिन (1-10) में पहला अशरा,दूसरे 10 दिन (11-20) में दूसरा अशरा और तीसरे दिन (21-30) में तीसरा अशरा बंटा होता है।पहला अशरा खुदा की रहमत वाला है।एक से 10 रमजान यानी पहले अशरे में खुदा की रहमत नाजिल होती है।रमजान का चांद नजर आते ही शैतान कैद कर लिया जाता है। जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। अल्लाहतआला अपनी रहमत से गुनाहगारों को अजाब से निजात देते हैं।नेक काम के सवाब में 70 गुना इजाफा कर दिया जाता है।रसूल सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने फरमाया कि अगर लोगों को मालूम हो जाए कि रमजान क्या चीज है तो मेरी उम्मत साल के 12 महीने रमजान होने की तमन्ना करेगी।रमजान का महीना रहमत व बरकत वाला है।हर मर्द,बच्चे, औरत और बूढ़े रोजे का साथ नमाज-तरावीह में मशगूल रहते हैं।



## पुलिस ने आरोपी के घर किया छापेमारी

**गुठनी (सीवान)।** दरौली थाना क्षेत्र में पुलिस आर्म्स एक्ट के अप्राथमिक अभियुक्त के घर बुधवार की दोपहर छापेमारी किया। जिसका नेतृत्व एएसआई विनय कुमार ने किया। पुलिस का कहना है की दरौली थाना क्षेत्र निवासी सुहैल खान के विरुद्ध छापेमारी किया गया है। पुलिस का कहना है की गुठनी थाना क्षेत्र के खिरौली में हुए लूट मामले में अन्य आरोपियों की पहचान हो गई थी। लेकिन जांच में सुहैल खान भी आरोपी पाया गया। दरौली थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि इस मामले में आरोपी के घर छापेमारी किया गया। लेकिन मौके पर आरोपी नहीं मिला।

## महदलीचक में आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर हुआ नष्ट

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** नयागांव थाना क्षेत्र के महदल्ली चक के वार्ड संख्या 14 में बुधवार को आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। यह आग झोपड़ी का बथान में लगी। आग लगने के खबर सुनते ही वहां लोगों की काफी भारी इकट्ठा हो गई लोग अपने स्तर से आंग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही सोनपुर से अग्निशमन दस्ता भी वहां पहुंच गया। भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान वहां के भगवान पासवान का पुत्र दिलीप पासवान, सरवन पासवान तथा रमेश पासवान का बथान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस घटना में अनाज तथा अन्य घरेलू सामान के साथ-साथ दो साइकिल भी जल गए। अग्निशमन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के हर जगह पर आग से बचाव, सुरक्षा ,सावधानी की विषय में लोगों को जागरूक किया जा रहा है फिर भी घटनाएं घट रही है ऐसे में लोगों को आग नही लगे इसके लिए सचेत रहने की जरूरत है।

# सबलपुर सुखदेव घाट पर खुला पुलिस कैंप

### एसडीओ ,डीएसपी ,थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ किया नाव से गश्ती

**सोनपुर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से भय मुक्त वातावरण में मतदान संपन्न करने एवं अवैध कारोबारों पर नकेल कसने के उद्देश्य से सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सबलपुर सुखदेव घाट स्थित पुलिस कैंप खोला गया है । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि सबलपुर चारों पंचायत एवं नजरमीरा सहित अन्य गंगा तटीय इलाकों में अवैध कारोबारी पर नकेल कसने के साथ ही शराबबंदी को सफल बनाने और अवैध बालू के खरीद ,बिक्री, खनन जैसी गंभीर समस्याओं के अलावा क्षेत्र में अमन चैन बहाल करने और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस कैंप खोली गई है । इस पुलिस कैंप में सभी कार्यरत कर्मी जो क्षेत्र में शराब निर्माण, बिक्री के अलावा अवैध बालू खनन,बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नाव गस्ती करते हुए अवैध कारोबारी पर नकेल कसते हुए वैसे लोगो को पकड़ कर जेल के सलाखों में भेजने में काम करेगी ।

उन्होंने बताया कि बुधवार के सोनपुर एसडीओ कुमार निशांत विवेक ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर एवं स्वयं पुलिस बलों के साथ नाव से गस्ती कर अवैध कारोबार करने वाले एवं लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए गंगा तटीय इलाकों में गश्ती की गई।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में 4 लोगो के खिलाफ नयागांव थाने में विद्युत विभाग ने किया एफआईआर

**सोनपुर।** विद्युत विभाग के टीम लगातार विद्युत चोरी करने वाले के ऊपर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है साथ ही विद्युत बकाया राशि रखने वाले वैसे उपभोक्ताओं को विद्युत विच्छेद भी कर रही है । यह आदेश सोनपुर सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। विद्युत विभाग के टीम ने नयागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत 4 लोगो को विद्युत चोरी करते पकड़े गए । इस बात के जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता रूपेश कुमार ने बुधवार को बताया कि थाना क्षेत्र के महदलीचक वार्ड नंबर 14 के नवल किशोर सिंह पिता स्वर्गीय सतनारायण सिंह के यहां विद्युत चोरी करते पकड़े गए जिससे विभाग को 31090/- की क्षति हुई है। महदलीचक निवासी वार्ड 14 के पूजन हाजरा के पुत्र संतोष हजरा जो विद्युत चोरी करते पकड़े गए इनके ऊपर 16721/- जबकि सीताबगंज में सीताराम राय के पुत्र रामदेव राय जो बिना कागजात के चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहा था जिससे विभाग को 11347 /-रुपए की क्षति हुई है वही सिताबगंज के धर्मदेव पंडित के पुत्र रमेश पंडित के यहां विद्युत बकाया 6026/ बकाया था जहां उसे 21.3.23 को विद्युत विच्छेद कर दिया गया था । विधुत बकाया राशि दिए बिना रमेश पंडित ने अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करते हुए पकड़े गए जिससे विभाग को 10142 रुपया की क्षति हुई है । इनके ऊपर कुल 16168 /-रुपया की क्षतिपूर्ति करनी है । कुल चार लोगों के खिलाफ नामजद नयागांव थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**दैनिक खोज खबर, मांझी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में पोषण ट्रैकर से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ रंजीत कुमार सिंह व सीडीपीओ पूजा रानी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।सीडीपीओ ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद आंगनबाड़ी सेविकाओं को कुपोषण दूर करने के प्रयासों में गुणात्मक सुधार आएगा।पोषण ट्रैकर द्वारा ही आंगनबाड़ी खोलना, गृह भ्रमण, वृद्धि निगरानी, सुखा राशन वितरण आदि कार्य किया जाता है। जिसका विभाग के द्वारा मूल्यांकन भी किया जाता है। मापदंड के अनुरूप मिलने पर पोषण से संबंधित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान मतदाता जागरूकता के लिए भी प्रेरित किया गया। बीडीओ ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान में किसी भी दल का समर्थन कतई नहीं करना है। न ही किसी भी प्रत्याशी या पार्टी की रैली में भाग लेना है। मौके पर मांझी की सभी महिला पर्यवेक्षिका, विभिन्न पंचायतों से आई आंगनवाडी सेविका व ग्रामीण उपास्थित थे।

### ग्रेड पे की मांग को लेकर शिक्षक नेता ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर, छपरा (सारण)।** बिहार शिक्षक बहाली वर्ष 2022 में छठे चरण में चयनित शिक्षकों को ग्रेड पे की मांग को लेकर संघर्षशील शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण को अपने मांग से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के जिलाध्यक्ष पीयूष तिवारी ने कहा कि पंचायती राज संस्थान व नगर निकाय के नियोजित शिक्षकों की सेवा दो वर्ष पूर्ण होने के पश्चात 5200-20200 वेतन प्रक्रम में ग्रेड पे की स्वीकृति का प्रावधान है। फरवरी 2022 से कार्यरत शिक्षकों का दो वर्ष की सेवा पूर्ण हो गई है। अब ग्रेड पे के साथ वेतन का पुनर्निर्धारण किया जाना है। शिक्षक संघ द्वारा इससे सम्बंधित पत्र शीघ्र जारी करने का अनुरोध अपने ज्ञापन में किया गया।

### मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में हुयी पांच लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिला के मकसूदपुर में सड़क हादसे में हुयी पांच लोगों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।